हिन्दी प्रादेशिक समाचार

आकाशवाणी चंडीगढ

(तिथि 21 नवंबर 2025, समय 1305 (05 मिनट)

हरियाणा पुलिस ने फरीदाबाद के अल फलाह विश्वविद्यालय की गतिविधियों की जांच के लिए एक विशेष जांच दल का गठन किया है। लाल किला के पास हुए विस्फोट मामले में विश्वविद्यालय से जुडे कई डॉक्टरों की गिरफ्तारी के बाद यह कदम उठाया गया है। विशेष जांच दल में दो सहायक पुलिस आयुक्त, एक निरीक्षक और दो उप-निरीक्षक शाामिल हैं। यह दल विश्वविद्यालय की गतिविधियों पर एक विस्तृत रिपोर्ट सौपेंगा। फरीदाबाद के पुलिस आयुक्त सतेंद्र कुमार गुप्ता ने विशेष जांच दल के बारे में बताया कि यह दल विश्वविद्यालय की आतंकवादी गतिविधियों की जांच का निर्देश दिया गया है। विशेष जांच दल को आतंकी मॉड्यूल की फंडिंग और विस्फोटकों के स्रोत के बारे में पूरी जानकारी इकट्ठा करने के लिए कहा गया है। आतंकी मॉड्यूल में आस-पास के गांवों के लोगों की भूमिका पर भी रिपोर्ट तैयार की जा रही है।

****

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने बढ़ती छात्र संख्या को ध्यान में रखते हुए अधिकारियों को सुबह पीक टाइम में अतिरिक्त बसें चलाने के निर्देश दिये हैं। सड़क सुरक्षा से संबंधित समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करते हुए उन्होंने कहा कि आवश्यकतानुसार बसों की संख्या बढ़ाई जाए और विद्यार्थियों की सुविधा के लिए कम अंतराल पर बसें चलाई जाएं। उन्होंने निजी बसों में भी सरकारी बसों की तर्ज पर छात्र पास सुविधा अनिवार्य करने तथा किसी शिकायत की स्थिति में सख्त कार्रवाई सुनिश्चित करने की हिदायत भी की।

****

केंद्रीय सहकारिता राज्य मंत्री कृष्णपाल गुर्जर ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देशभर में बुनियादी ढांचा तेज़ी से मजबूत हुआ है और हरियाणा भी इस परिवर्तन का साक्षी है।
उन्होंने कल गांव अनंगपुर और भाकरी में लगभग 1 करोड़ 50 लाख रुपये की लागत से बनने वाले ट्यूबवेल के निर्माण कार्य का शुभारंभ किए जाने के मौके पर यह बात कही।
श्री कृष्णपाल गुर्जर ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की "सबका साथ, सबका विकास" नीति का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि समाज के अंतिम व्यक्ति तक विकास और सरकारी योजनाओं का लाभ पहुंचे। उन्होंने कहा कि जो काम वर्षों तक अधूरे रहे, वे आज तेजी से पूरे हो रहे हैं। ग्रामीण क्षेत्रों को विकास की मुख्यधारा से जोड़ना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है।
उन्होंने बताया कि फरीदाबाद में बिजली लाइनों को आने वाले दो वर्षों में भूमिगत किया जाएगा, जिससे आंधी, तूफान और बारिश के दौरान बिजली बाधित नहीं होगी। इसके लिए 2800 करोड़ रुपये स्वीकृत करवाए गए हैं।
इस अवसर पर विधायक धनेश अदलखा ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में हरियाणा के ग्रामीण क्षेत्रों में अब 24 घंटे बिजली मिल रही है और पीने के पानी की समस्या भी कम हुई है। उन्होंने बताया कि सरकार गांवों के स्कूल, चौपाल और सार्वजनिक स्थलों के सौंदर्यीकरण पर भी जोर दे रही है, ताकि ग्रामीण जीवन स्तर को और बेहतर बनाया जा सके।
****

हरियाणा के राज्यपाल प्रो. असीम कुमार घोष ने पंचकूला के यवनिका गार्डन में आयोजित 72वें सहकारिता सप्ताह के राज्य स्तरीय समापन समारोह में शिरकत की।
उनके साथ हरियाणा के सहकारिता मंत्री डॉ अरविंद शर्मा मौजूद रहे।
इस अवसर पर सहकारिता गीत जारी किया गया और राज्यपाल ने सहकारिता एवं स्वदेशी मेला में लगाई गई प्रदर्शनी के विजेताओं को सम्मानित भी किया ।
अपने संबोधन में राज्यपाल ने कहा कि सहकारिता आंदोलन ने दशकों से ग्रामीण अर्थव्यवस्था को बदलने, रोजगार के अवसर बढ़ाने और समाज में

एकजुटता को मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में हरियाणा सहकारिता के क्षेत्र में देश के अग्रणी राज्यों में शामिल है। प्रो. घोष ने कहा कि सहकारिता जमीनी स्तर पर सशक्तिकरण का इंजन हैं, जो आपसी सहयोग, सामूहिक जिम्मेदारी और लोकतांत्रिक मूल्यों पर आधारित हैं।

इस अवसर पर सहकारिता मंत्री डॉ अरविंद शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के सहकार से समृद्धि के संकल्प को केंद्रीय सहकारिता मंत्री अमित शाह ने जो दिशा दी है, उसे मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में हरियाणा मजबूती से आगे बढ़ रहा है। डॉ अरविंद शर्मा ने पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि विकसित भारत, आत्मनिर्भर भारत के संकल्प को सिद्धि तक लेकर जाने में सहकारिता क्षेत्र का महत्वपूर्ण योगदान रहेगा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नई ऊर्जा, नई सोच और एकता के साथ नई राष्ट्रीय सहकारिता नीति को प्रदेश के किसान, युवा, महिलाओं के स्वरोजगार व आत्मनिर्भर क्षेत्र में आगे बढाने के उद्देश्य से लागू किया जाएगा।

****

श्री गुरु तेग बहादुर जी के 350वें बलिदान दिवस के उपलक्ष्य में, भारतीय रेलवे पंजाब के श्री आनंदपुर साहिब तक श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए विशेष रेलगाड़ियाँ चलाएगा। रेल राज्य मंत्री रवनीत सिंह बिट्टू ने कहा कि तीर्थयात्रियों की बढ़ती संख्या को देखते हुए रेलवे कल से दो विशेष रेलगाड़ियाँ चलाएगा। पहली रेलगाड़ी पटना साहिब से और दूसरी पुरानी दिल्ली से चलेगी।

****